विवरण

देश	उत्पादन की लागत	
	अमरीकी डालर प्रति टन	रु०/टन
य० के०	68.80	873.10
बैलजियम	71.00	901.02
एफ० आर० जर्मनी	114.20	1449.24
पोलैंड	29.00	368.02
भारत (को०इं० लि०) . . .	—	221.54

नयी कोयला परियोजनाओं द्वारा कोयले का उत्पादन

3846. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान नई परियोजनाओं को आरम्भ करके कोयले के उत्पादन में परियोजना-वार कितनी वृद्धि की गई है ;

(ख) तीन वर्षों से भी पहले से मौजूद परियोजनाओं के वार्षिक उत्पादन में कितनी-कितनी वृद्धि हुई है; और

(ग) वर्ष 1991-92 के दौरान इन सभी परियोजनाओं द्वारा कुल कितनी मात्रा में कोयले का उत्पादन किए जाने की संभावना है तथा यह देश की वार्षिक आवश्यकता का कितना प्रतिशत है ?

कोयला मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री एस० बी० नयमेगौड़ा) :(क) वर्ष 1988-89, 1989-90 और 1990-91 के दौरान अखिल भारतीय कोयले का उत्पादन क्रमश: 194.60 मि० टन, 200.89 मि० टन और 211.73 मि० टन हुआ। इस अवधि के दौरान 2.0 करोड़ रु० और इससे अधिक की लागत वाली 101 कोयला खनन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई और वर्ष 1990-91 के दौरान इन परियोजनाओं ने लगभग 7.8 मि० टन कोयले का उत्पादन किया।

(ख) वर्ष 1988-89 से 1990-91 की अवधि के दौरान पूरी की गई और चालू कोयला परियोजनाओं से हुए उत्पादन के आंकड़े नीचे दिए गए हैं :—

1988-89 .	130.19	मिलियन टन
1989-90 .	145.15	मिलियन टन
1990-91 .	156.69	मिलियन टन

(ग) चालू वर्ष 1991-92 के दौरान पूरी की गई और चालू परियोजनाओं से लगभग 174 मि० टन उत्पादन होने की संभावना है अर्थात् चालू वर्ष के 220 मि० टन उत्पादन लक्ष्य का यह 76% होगा।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड को घाटा

3847. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड गत कुछ